Series : X4YZW

SET ~ 4

रोल नं.

Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **40**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# विधिक अध्ययन

# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

**नोट / NOTE** ~

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **40** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **40** questions.

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

~

*सामान्य निर्देश :*

1. प्रश्न–पत्र के **4** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।

   *1.1* ***खण्ड क*** – **20** अंकों के **20** बहुवैकल्पिक प्रश्न हैं ।

   *1.2* ***खण्ड ख*** – प्रत्येक **2** अंकों वाले **8** लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं ।

   *1.3* ***खण्ड ग*** – प्रत्येक **3** अंकों वाले **8** प्रश्न हैं ।

   *1.4* ***खण्ड घ*** – प्रत्येक **5** अंकों वाले **4** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं ।

2. प्रश्न–पत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, हालाँकि समग्र विकल्प नहीं है ।

## खण्ड – क

1. एक ऐतिहासिक मामले में, उच्चतम न्यायालय एक अत्यधिक तकनीकी पर्यावरणिक विवाद को देख रहा था जिसमें अनेक हितधारक (stakeholders) थे और वैज्ञानिक जटिलतायें निहित थीं । पर्यावरणिक नीतियों की जटिलताओं और वैज्ञानिक साक्ष्य को देखते हुए, न्यायालय ने इस मामले में निष्पक्ष सूचना और पूरी जानकारी के साथ सहायता करने के लिये पर्यावरणिक कानून और विज्ञान के विशेषज्ञ एक न्यायमित्र (amicus curiae) की नियुक्ति की । न्यायमित्र ने अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर आधारित सिफारिशें कीं जिससे न्यायालय को अंतिम निर्णय देने में मदद मिली ।
   न्यायमित्र की अवधारणा के आधार पर निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? **1**

   (A) न्यायमित्र लोक हितों की वकालत करता है और सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है ।

   (B) न्यायमित्र उस पक्ष के विधिक सलाहकार के रूप में कार्य करता है जो इस मामले में उनकी सहायता का अनुरोध करता है ।

   (C) न्यायमित्र, मामले में किसी भी पक्ष के प्रतिनिधित्व के बिना जटिल मुद्दों पर निष्पक्ष विशेषज्ञ जानकारी देकर न्यायालय की सहायता करता है ।

   (D) न्यायमित्र को केवल सांविधानिक मामलों से संबंधित निर्णयों में सहायता देने की स्वीकृति दी गई है ।

2. भारत में एक उच्च न्यायालय एक जटिल संपत्ति विवाद में निर्णय देता है, इस निर्णय पर एक पक्ष संतुष्ट नहीं है । अब असंतुष्ट पक्ष अपील की विशेष इजाजत के लिये उच्चतम न्यायालय जाना चाहता है । अनुच्छेद 136 के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय निम्नलिखित द्वारा पारित किसी निर्णय, डिक्री या आदेश के विरुद्ध अपील की विशेष इजाजत दे सकता है : **1**

   (A) भारत में कोई भी न्यायालय या न्यायाधिकरण (B) केवल उच्च न्यायालय

   (C) केवल अधीनस्थ न्यायालय (D) केवल न्यायाधिकरण (tribunals)

~

***General Instructions :***

1. The Question Paper contains **4** sections – **A, B, C** and **D**.

   *1.1* ***Section-A*** *contains* ***20*** *Multiple Choice Questions for* ***20*** *marks.*

   *1.2* ***Section-B*** *contains 8 Short Answer Type Questions for* ***2*** *marks each.*

   *1.3* ***Section-C*** *contains 8 questions for* ***3*** *marks each.*

   *1.4* ***Section-D*** *contains 4 Long Answer Type Questions for* ***5*** *marks each.*

2. Internal choice is given in the paper. There is no overall choice.

## SECTION – A

1. In a landmark case, the Supreme Court was handling a highly technical environmental dispute involving multiple stakeholders and scientific complexities. Given the intricate details of environmental policies and scientific evidence, the Court appointed an amicus curiae, an expert in environmental law and science, to assist by providing impartial information and insights on the matter. The amicus curiae made recommendations based on international standards, which helped the Court in reaching its final decision. **1**

   Based on the concept of amicus curiae, which of the following statements is correct ?

   (A) The amicus curiae advocates for the interests of the public and acts as a representative for the government.

   (B) The amicus curiae serves as the legal advisor to the party that requests their assistance in the case.

   (C) The amicus curiae assists the Court by providing impartial expertise on complex issues, without representing any party in the case.

   (D) The amicus curiae is only allowed to assist in cases related to constitutional matters.

2. A High Court in India issues a verdict in a complex property dispute, which left one party dissatisfied with the decision. The aggrieved party now seeks to approach the Supreme Court for special leave to appeal. Under Article 136, the Supreme Court can grant special leave to appeal against any judgement, decree or order in any matter passed by : **1**

   (A) any court or tribunal in India (B) only High Court

   (C) only subordinate court (D) only tribunals

~

3. **अभिकथन (A) :** कोई भी लोक भावना वाला व्यक्ति व्यथित व्यक्तियों की ओर से न्यायालयों में याचिका दायर कर सकता है या पत्र लिख सकता है । 1

**तर्क (R) :** जनहित याचिकाओं (PILs) के माध्यम से मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन (लागू करना) के लिये न्यायालयों ने सुने जाने का अधिकार (locus standi) के सिद्धांत को उदार बना दिया है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

4. स्थानीय समुदाय के नेता के अनुरोध पर अर्जुन ने बहुत बड़ी निजी धनराशि खर्च करके अपने पड़ोस में बच्चों के लिये खेल के मैदान का निर्माण किया । बाद में एक स्थानीय रेहड़ी-पटरी (Snack Vendor) लगाने वाले रवि ने बच्चों को नाश्ता आदि बेचने के लिये खेल के मैदान के समीप एक स्टाल स्थापित किया और खेल मैदान के निर्माण के आभार के रूप में अपनी सारी बिक्री के मुनाफे का 10% अर्जुन को देने का वचन दिया । परंतु रवि दिये गये वचन के अनुरूप अर्जुन को भुगतान नहीं करता और अर्जुन इसे वसूलने के लिये कानूनी कार्रवाई का निर्णय लेता है । संविदा कानून सिद्धांतों के आधार पर निम्नलिखित में कौन सही है ? 1

(A) अर्जुन मुनाफे का प्रतिशत पाने का हकदार है क्योंकि खेल मैदान बनाने के उसके प्रयत्नों से रवि को फायदा हुआ ।

(B) अर्जुन मुनाफे के प्रतिशत का दावा नहीं कर सकता क्योंकि खेल-मैदान (क्रीड़ा स्थल) का निर्माण समुदाय के नेता के अनुरोध पर किया गया था न कि रवि के ।

(C) रवि को दिये गये वचन के अनुसार अर्जुन को भुगतान करना चाहिए क्योंकि उसने ऐसा करने का मौखिक वचन दिया था ।

(D) रवि द्वारा अर्जुन को केवल तब भुगतान करना चाहिए यदि अर्जुन यह सिद्ध कर सके कि क्रीड़ा स्थल का निर्माण विशिष्ट रूप से उसके फायदे के लिये किया गया था ।

3. **Assertion : (A) :** Any public-spirited person can file petition or write letters to court on behalf of aggrieved persons. **1**

**Reasoning (R) :** Courts have liberalized the doctrine of locus standi of the enforcement of fundamental rights through Public Interest Litigations (PILs).

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

4. Arjun, at the request of the local community leader, builds a playground for the children in his neighborhood, spending a considerable amount of his own money. Later, Ravi, a local snack vendor, sets up a stall near the playground to sell snacks to children and promises to give Arjun 10% of his profits from all sales as a token of appreciation for building the playground. However, Ravi fails to pay Arjun the promised percentage, and Arjun decides to take legal action to recover it. Based on contract law principles, which of the following is correct ? **1**

(A) Arjun is entitled to the percentage of profits as Ravi benefited from his efforts in building the playground.

(B) Arjun cannot claim the percentage of profits, as the playground was built at the request of the community leader and not Ravi.

(C) Ravi must pay Arjun the promised percentage since he made a verbal commitment to do so.

(D) Ravi has to pay Arjun only if Arjun can prove the playground was built specifically for his benefit.

5. एक स्थानीय बाजार में एक विवादित लेनदेन के ऊपर रवि की मोहन के साथ बहस हो गई । इस बहस की गर्मा-गर्मी में रवि ने एकाएक मोहन को जोर से धक्का दे दिया जिससे मोहन लड़खड़ाकर पीछे गिर गया । गिरने के कारण मोहन की कमर में मामूली चोट लग गई । मोहन का मानना है कि रवि ने जानबूझकर शारीरिक चोट पहुँचाई और वह चोट पहुँचाने के अपकृत्य के लिये रवि पर अभियोग चलाने पर विचार कर रहा है ।
इस मामले में चोट पहुँचाने के अपकृत्य के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? 1
   (A) रवि द्वारा मोहन को धक्का देना चोट पहुँचाने का काम है क्योंकि यह जानबूझकर था और इसमें सीधे शारीरिक बल का प्रयोग किया गया ।
   (B) रवि चोट पहुँचाने के लिये जिम्मेदार नहीं है क्योंकि शारीरिक संपर्क इतना गंभीर नहीं था कि उससे अधिक चोट पहुँचे ।
   (C) चोट पहुँचाने के अपकृत्य के लिये यह आवश्यक है कि प्रतिवादी के कार्य से स्थायी चोट पहुँचे, जो कि इस मामले में नहीं है ।
   (D) रवि चोट पहुँचाने के लिये जिम्मेदार नहीं है क्योंकि उसने यह कार्य आत्म-रक्षा में किया, भले ही उसकी सुरक्षा को तत्काल कोई खतरा नहीं था ।

6. एक संगीत समारोह में प्रदर्शन के लिये राज एक संविदा पर हस्ताक्षर करता है । समारोह से कुछ दिन पहले राज गंभीर रूप से बीमार हो जाता है और डॉक्टर उसे पूर्ण आराम की सलाह देते हैं । वह प्रदर्शन नहीं कर पाता । इस उत्सव के आयोजकों को शर्मिन्दा होना पड़ता है क्योंकि राज का प्रदर्शन संगीत समारोह का मुख्य आकर्षण था ।
निम्नलिखित में से कौन सा कथन समारोह में रवि की प्रस्तुति की असमर्थता का सर्वोत्तम रूप से उल्लेख करता है ? 1
   (A) यह संविदा भंग का मामला है क्योंकि राज अपने दायित्व को पूरा करने में असफल रहा ।
   (B) बीमारी में संगीत प्रस्तुति संभव नहीं है अत: इस असंभाव्यता के कारण यह निर्वहन है ।
   (C) यह प्रस्तुति निर्वहन है क्योंकि राज बीमार नहीं होता तो वह प्रस्तुतीकरण का इच्छुक था ।
   (D) यह संविदा भंग है क्योंकि स्वास्थ्य का मुद्दा संविदा निर्वहन नहीं है ।

7. नेहा एक फोटोग्राफर है जो सूर्यास्त का एक सुंदर फोटो लेती है और इसे अपने ब्लॉग में पोस्ट कर देती है । एक स्थानीय यात्रा संबंधी पत्रिका नेहा की अनुमति के बिना इस चित्र का उपयोग करती है । पत्रिका-प्रकाशक नेहा को फोटोग्राफर के रूप में मान तो देते हैं परंतु उसे कोई भुगतान नहीं करते या उसकी सहमति नहीं लेते । नेहा पत्रिका के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की सोचती है । इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है ? 1
   (A) नेहा कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकती क्योंकि पत्रिका ने उसे फोटोग्राफर का मान (credit) दिया है ।
   (B) नेहा कानूनी कार्रवाई कर सकती है क्योंकि उसका फोटोग्राफ कॉपीराइट द्वारा संरक्षित है और पत्रिका ने उसकी अनुमति के बिना इसका उपयोग किया है ।
   (C) नेहा कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकती क्योंकि फोटोग्राफ उसके ब्लॉग में आम जनता के लिये उपलब्ध था ।
   (D) नेहा केवल तभी कानूनी कार्रवाई कर सकती है यदि उसने कॉपीराइट कार्यालय में फोटोग्राफ का पंजीकरण कराया हो ।

5. Ravi, at a local market, was involved in an argument with Mohan over a disputed transaction. In the heat of the argument, Ravi suddenly pushed Mohan forcefully, causing Mohan to stumble backward and fall. Mohan suffered a minor injury to his back as a result of the fall. Mohan believes that Ravi's action was an intentional physical contact that resulted in harm, and he is considering suing Ravi for the tort of battery. **1**
Which of the following statements is correct regarding the tort of battery in this case ?
(A) Ravi's action of pushing Mohan constitutes battery, as it was an intentional and direct application of physical force.
(B) Ravi is not liable for battery because the physical contact was not severe enough to cause significant injury.
(C) The tort of battery requires that the defendant's action must cause permanent injury, which is not the case here.
(D) Ravi is not liable for battery because his action was a part of self-defense act, even if there was no immediate threat to his safety.

6. Raj signs a contract to perform at a music festival. A few days before the festival, Raj develops a severe illness and doctors advise him complete rest. He misses the performance. Organisers of the event had to cut a sorry figure as Raj's performance was the highlight of the music festival.
Which of the given statements best describes Raj's inability to perform at the festival ? **1**
(A) It is breach of contract as Raj failed to fulfill his obligation.
(B) It is discharge due to impossibility of performance because the illness makes performance impossible.
(C) It is discharge by performance as Raj was willing to perform if he hadn't been ill.
(D) It is breach of contract as a health issue does not discharge a contract.

7. Neha, a photographer, takes a beautiful photograph of a sunset and posts it on her personal blog. A local travel magazine uses the image without Neha's permission. The publishers credit Neha as the photographer but do not pay her or seek her consent. Neha considers taking legal action against the magazine. In this context which of the following options is correct ? **1**
(A) Neha cannot take legal action because the magazine credited her as the photographer.
(B) Neha can take legal action because her photograph is protected by copyright and the magazine used it without permission.
(C) Neha cannot take legal action because the photograph was available for the general public on her blog.
(D) Neha can only take legal action if she had registered the photograph with a copyright office.

~

8. XYZ कॉर्पोरेशन नामक एक कंपनी बिजली पैदा करने के लिये एक बड़े बाँध का संचालन करती है । किसी अप्रत्याशित डिजाइन दोष के कारण बाँध एकाएक टूट जाता है और समीप के कस्बे में भारी बाढ़ आ जाती है । कंपनी ने सुरक्षा उपायों के सभी मानक अपनाये थे और डिजाइन दोष की उसे कोई जानकारी नहीं थी । बाढ़ प्रभावित निवासी अपने नुकसानों के लिये कंपनी पर मुकदमा करते हैं ।
इस घटना में निम्नलिखित में से कौन लागू है ? 1
   (A) कंपनी उत्तरदायी नहीं है क्योंकि यह दोष अप्रत्याशित था ।
   (B) कंपनी पूर्ण रूप से उत्तरदायी है क्योंकि बाँध का संचालन स्वाभाविक रूप से खतरनाक है और दोष के प्रति लापरवाही से नुकसान हुआ ।
   (C) कंपनी केवल तभी उत्तरदायी है यदि यह सिद्ध होता है कि उन्होंने दोष के बारे में चेतावनी संकेतों की उपेक्षा की ।
   (D) कंपनी उत्तरदायी नहीं है क्योंकि उसने सभी सुरक्षा नियमों का अनुपालन किया ।

9. मोहन ने अपने मित्र सुमित को अपना दुर्लभ पुराकालीन कलश (फूलदान) (rate-antique vase) एक हफ्ते के लिये उधार दिया । इसे वापस करने के बजाय सुमित इसे अपने एक दूसरे मित्र को दिखाता है और दिखाते हुए कलश उसके हाथ से अनजाने में गिरकर टूट जाता है । जब मोहन अपना कलश लौटाने को सुमित से कहता है तो वह माफी माँगता है और बताता है कि कलश टूट जाने के कारण अब वह कुछ नहीं कर सकता । मोहन कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लेता है । उसे कौन सा कानूनी दावा करना चाहिए ? 1
   (A) उसे चल-संपत्ति अतिचार (trespass to chattels) का दावा करना चाहिए क्योंकि सुमित ने कलश को तब नुकसान पहुँचाया जब वह उसके पास था ।
   (B) उसे चल-संपत्ति अतिचार का दावा करना चाहिए क्योंकि सुमित ने बिना अनुमति के कलश का उपयोग किया ।
   (C) उसे संपरिवर्तन का दावा (claim for conversion) करना चाहिए क्योंकि सुमित ने कलश को नष्ट करके उसे हमेशा के लिये कलश के उपयोग से वंचित कर दिया ।
   (D) उसे संपरिवर्तन का दावा करना चाहिए क्योंकि सुमित ने कलश लौटाने में विलम्ब किया ।

10. निम्नलिखित में से कौन भारत में संपत्ति-पंजीकरण (Property Registration) प्रक्रिया का सही रूप से वर्णन करता है ? 1
   (A) क्रेता और विक्रेता किसी सरकारी प्राधिकारी को शामिल किये बिना संपत्ति दस्तावेजों का आदान-प्रदान करते हैं ।
   (B) रजिस्ट्रार के कार्यालय की लगी मुहर (seal) के साथ किसी सरकारी प्राधिकृत विलेख (deed) के माध्यम से विक्रेता से क्रेता को संपत्ति का सरकारी रूप से हस्तान्तरण किया जाता है ।
   (C) क्रेता को किसी विधिक प्रलेखीकरण (legal documentation) की आवश्यकता के बिना बिक्री पूरी होने से पहले संपत्ति कर का भुगतान करना चाहिए ।
   (D) संपत्ति के स्वामित्व का सत्यापन किसी स्थानीय अधिकारी द्वारा किया जाता है, परंतु कोई औपचारिक रिकॉर्ड नहीं रखा जाता ।

~

8. A company, XYZ Corp., operates a large dam to generate electricity. Due to an unforeseen design flaw the dam suddenly bursts, causing massive flooding in a nearby town. The company had taken all standard safety measures and had no knowledge of the design flaw. The affected residents sue the company for damages. 1

Which of the following is applicable in this instance ?

(A) The company is not liable because the flaw was unforeseen.

(B) The company is absolutely liable because the operation of the dam is inherently dangerous and the damages occurred regardless of the fault.

(C) The company is liable only if it is proven that they ignored warning signs of the flaw.

(D) The company is not liable because it followed all safety protocols.

9. Mohan lends his rare antique vase to his friend Sumit for a week. Instead of returning it, Sumit accidentally drops and shatters the vase while showing it to another friend. When Mohan asks for his vase to be returned, Sumit apologizes but says there is nothing he can do now that the vase is destroyed. Mohan decides to take legal action. Identify the legal claim he should pursue ? 1

(A) He should file a claim for trespass to chattels because Sumit damaged the vase while it was in his possession.

(B) He should file a claim for trespass to chattels because Sumit used the vase without permission.

(C) He should file a claim for conversion because Sumit destroyed the vase, depriving him of its use permanently.

(D) He should file a claim for conversion because Sumit delayed returning the vase.

10. From the options given below, which statement accurately describes the process of property registration in India ? 1

(A) The buyer and seller exchange property documents without involving any government authority.

(B) The property is officially transferred from the seller to the buyer through a government-authorised deed, affixed by a seal of the Registrar's office.

(C) The buyer must pay property taxes before the sale is completed – without the need for any legal documentation.

(D) The property ownership is verified by a local official but no formal record is kept.

11. यूरोप महाद्वीप के एक देश में एक आपराधिक परीक्षण के दौरान न्यायाधीश हेलेना मामले की जाँच-पड़ताल में सक्रिय भूमिका अदा करती हैं । वह गवाहों से पूछताछ करती हैं, पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों का मूल्यांकन करती हैं और अतिरिक्त न्यायिक परीक्षण (Forensic Test) का आदेश देती हैं । बचाव पक्ष का वकील श्री जेमसन यह चिंता जाहिर करता है कि न्यायाधीश की जाँच-पड़ताल में सक्रिय भागीदारी, परीक्षण की निष्पक्षता को कमजोर कर सकती है ।
दिये गये संदर्भ में न्याय वितरण प्रणाली (Justice dispensation system) के संभावित नुकसान का पता कीजिए जो बचाव पक्ष के वकील की चिंता का विषय है । **1**

(A) न्यायाधीश की सक्रिय भूमिका लंबे परीक्षण और विलम्ब को रोकेगी ।

(B) मामले में अधिक संसाधनों और विशेषज्ञ वकीलों वाला अधिक मजबूत पक्ष न्यायाधीशों को प्रभावित करने में सफल नहीं होगा ।

(C) मामले का खुले दिमाग से मूल्यांकन करने के लिये न्यायाधीश अब तटस्थ (neutral) नहीं रह सकता ।

(D) वकीलों द्वारा अपनाई गई जिरह (cross-examination) और अन्य तकनीकों पर कम निर्भरता की गई है ।

12. __________ का एक फायदा यह है कि इसमें प्रक्रियात्मक कानूनों का कठोर उपयोजन नहीं है और विवादी पक्ष न्यायाधीशों के साथ सीधे ही बात कर सकते हैं । **1**

(A) माध्यस्थ (Mediation)

(B) लोक अदालत

(C) सुलह (Conciliation)

(D) न्यायाधिकरण (Tribunal)

13. परियोजना में विलम्ब के कारण ओमेगा बिल्डर्स और डेल्टा कन्स्ट्रक्शंस के बीच विवाद चल रहा है । न्यायालय माध्यस्थ का सुझाव देता है, परंतु ओमेगा बिल्डर्स को संदेह है कि क्या उनका मामला इसके योग्य है । एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमि. बनाम चेरियन वारली कंस्ट्रक्शन कं. के मामले में न्याय-निर्णयन के अनुसार सामान्यत: किन विवादों को माध्यस्थ से अलग रखा जाता है ? **1**

(A) वाणिज्यिक संविदायें

(B) वैवाहिक और अभिरक्षा (custody) संबंधी मुद्दे

(C) दांडिक अपराध

(D) उपभोक्ता विवाद

14. **कथन 1** : कानून की राय (opinio juris) अवांछित सामान्य प्रथा को रूढ़िजन्य विधि बनने से रोकती है । **1**

**कथन 2** : कानून की राय यह विश्वास है कि कोई कार्रवाई विधिक दायित्व के रूप में की गई है ।

सही विकल्प चुनिए :

(A) दोनों कथन सही हैं । (B) दोनों कथन गलत हैं ।

(C) कथन 1 सही है, परंतु कथन 2 गलत है । (D) कथन 2 सही है, परंतु कथन 1 गलत है ।

11. In a criminal trial in a country in continental Europe, the judge, Judge Helena plays an active role in investigating the case. She questions the witnesses, evaluates the evidences presented by the parties and orders additional forensic test. The defense lawyer, Mr. Jameson, expresses concern that the judge's active involvement in the investigation may undermine the fairness of the trial.
In the given content, identify the probable disadvantage of the justice dispensation system that is concerning for the defense lawyer. **1**
(A) The active role of judge would prevent delays and prolonged trials.
(B) Stronger party in the case, with more resources and expert lawyers may not be able to influence the judges.
(C) The judge can no longer remain neutral to evaluate the case with an open mind.
(D) Less reliance is placed on cross examination and other techniques used by lawyers.

12. An advantage of _________ is that there is no strict application of the procedural laws and the disputing parties can directly interact with the judges. **1**
(A) Mediation (B) Lok Adalat
(C) Conciliation (D) Tribunal

13. Omega Builders and Delta Constructions have a dispute over project delays. The court suggest mediation, but Omega Builders is unsure if their case qualifies. According to the Afcons Infrastructure Ltd. vs. Cherian Varley Construction Co. ruling, which disputes are generally excluded from mediation ? **1**
(A) Commercial contracts
(B) Matrimonial and Custody issues
(C) Criminal offenses
(D) Consumer disputes

14. **Statement 1 :** Opinio juris prevents unwanted general practice from becoming customary law. **1**
**Statement 2 :** Opinio juris is the belief that an action was carried out as a legal obligation.
Choose the correct option :
(A) Both statements are correct.
(B) Both statements are incorrect.
(C) Statement 1 is correct but Statement 2 is not correct.
(D) Statement 2 is correct but Statement 1 is not correct.

~

15. **अभिकथन (A)** : सॉलिसिटर रेगुलेशन अथॉरिटी (SRA) इंग्लैण्ड और वेल्स में सॉलिसिटर के रूप में पुन:अर्हता प्राप्त करने के लिये किसी औपचारिक अनुभव की आवश्यकता अधिरोपित (लागू करना) नहीं करती । 1

**तर्क (R)** : एक साथ बैरिस्टर और सॉलिसिटर बनना संभव नहीं है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

16. मी लिंग हांग–कांग में एक प्रैक्टिशिंग वकील है । वह और अधिक मुवक्किलों (ग्राहकों) को आकर्षित करने के लिये एक मार्केटिंग अभियान चलाने पर विचार कर रही है । उसके लिये निम्नलिखित में से कौन सा संभावित विकल्प है ? 1

(A) सभी संचार माध्यमों पर अभियान चलाना क्योंकि वकील बिना किसी प्रतिबंध के विज्ञापन देने को स्वतंत्र हैं ।

(B) अखबारों आदि (print media) में अभियान चलाना ।

(C) अभियान चलाना परंतु शंसा पत्र, सफलता दर और किसी तुलनात्मक विवरण को शामिल न करना ।

(D) विज्ञापन के सभी स्वरूपों से बचना क्योंकि हांग–कांग में इन सभी के लिये पूरी पाबंदी है ।

17. **अभिकथन (A)** : एडवोकेट–ऑन–रिकर्ड (Advocate-on-record) की योग्यता के बिना एक वरिष्ठ अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय में पैरवी करने का अधिकारी नहीं है । 1

**तर्क (R)** : एडवोकेट–ऑन–रिकर्ड (AOR) उच्चतम न्यायालय में किसी पक्ष के लिये उपस्थिति या कार्य करने के हकदार हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।

(C) (A) सही है, (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, (R) सही है ।

~

15. **Assertion : (A) :** The Solicitor Regulation Authority (SRA) does not impose any formal experience requirement for requalifying as solicitor in England and Wales. 1

**Reasoning (R) :** It is not possible to be a barrister and solicitor.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

16. Mei Ling is a practicing lawyer in Hong Kong. She is considering launching a marketing campaign to attract more clients. Which of the following is a feasible option for her ? 1

(A) Proceed with the campaign on all media, since lawyers are free to advertise without restrictions.

(B) Proceed with the campaign on print media.

(C) Launch the campaign but exclude testimonials, success rates and any comparative statements.

(D) Avoid all forms of advertising as it is entirely prohibited in Hong Kong.

17. **Assertion : (A) :** A Senior Advocate is not entitled to appear in the Supreme Court without an Advocate-on-record. 1

**Reasoning (R) :** Advocates-on-record are entitled to file an appearance or act for a party in the Supreme Court.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, (R) is false.

(D) (A) is false, (R) is true.

~

18. अनुच्छेद 39-क में निहित सिद्धांतों के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित में से कौन सी परिस्थिति समान न्याय और नि:शुल्क विधिक सहायता के मूल उद्देश्य के विपरीत है ? 1

(A) आपराधिक अभियोजन का सामना कर रहे आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को सरकार विधिक सहायता प्रदान करती है ।

(B) प्राइवेट विधिक परामर्श प्राप्त करने के लिये पर्याप्त संसाधन होने के बावजूद धनी व्यक्ति को विधिक सहायता प्रदान की जाती है ।

(C) सरकार द्वारा सिविल मामले में एक हाशिये पर रहने वाले व्यक्ति (marginalized person) को विधिक प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाता है ।

(D) सरकार सामाजिक-आर्थिक कमजोरी से प्रभावित व्यक्तियों को न्याय सुलभ कराने में मदद करती है ।

19. "भारत में अधिकांश आरोपी बचाव के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करते ।"

नीचे दिये गये विकल्पों से इसके कारण को बताइये । 1

(A) उचित संदेह से परे अपराध को सिद्ध करने का दायित्व अभियोजन (prosecution) का है ।

(B) बचाव पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार न्यायाधीश मामले के गुणावगुणों के आधार पर निर्णय देता है ।

(C) यह अभिकथन कि आरोपी ने अपराध किया है, अभियोजन द्वारा अपराध सिद्ध करने के लिये पर्याप्त है ।

(D) पहली बार में जब परीक्षण (trial) शुरू होता है अपराधी को अपराधी माना जाता है ।

20. **कथन 1** : साक्ष्य कानून, "भूसे से गेहूँ" अलग करने में न्यायाधीशों की सहायता करता है । 1

**कथन 2** : साक्ष्य कानून का कार्य अपराधियों के अन्वेषण और विचारण के लिये एक कार्यप्रणाली प्रदान करना है ।

(A) दोनों कथन सही हैं ।

(B) दोनों कथन गलत हैं ।

(C) कथन 1 सही है, परंतु कथन 2 सही नहीं है ।

(D) कथन 2 सही है, परंतु कथन 1 गलत है ।

~

18. In light of the principles enshrined in Article 39A, which of the following circumstances contradicts its core objective of equal justice and free legal aid ? **1**

(A) The state provides legal aid to economically disadvantages citizens facing criminal prosecution.

(B) A wealthy individual is given legal aid despite having adequate resources to access private legal counsel.

(C) A marginalized person is granted legal representation in a civil matter by the state.

(D) The state facilities access to justice for those affected by socio-economic disabilities.

19. "Most accused persons do not lead defence evidence in India."

Identify the reason for this from the options given below. **1**

(A) The burden to prove the offence beyond reasonable doubt is on the prosecution.

(B) The judge decides the case on its merit according to the evidences presented by the defence.

(C) The assertion that the accused has committed offence is sufficient to prove the guilt by prosecution.

(D) The accused is presumed guilty at the first instance when the trial begins.

20. **Statement 1 :** The Evidence Law helps the judges to separate the 'Wheat from the Chaff'. **1**

**Statement 2 :** The function of the law of evidence is to provide a mechanism for the investigation and trial of offenders.

Choose the correct option :

(A) Both statements are correct.

(B) Both statements are incorrect.

(C) Statement 1 is correct, but Statement 2 is not correct.

(D) Statement 2 is correct, but Statement 1 is not correct.

~

**खण्ड – ख**

21. न्यायिक पुनरीक्षण के सिद्धांत को स्पष्ट कीजिए । 2

22. सुनील और आशा एक तकनीकी प्रारंभिक उद्यम (Tech-startup) के सह-संस्थापक हैं । हाल ही में एक महत्त्वपूर्ण परियोजना की सुपुर्दगी समय सीमा के बारे में उनके सॉफ्टवेयर व्यापारी के साथ एक संविदात्मक असहमति हुई है । सुनील ने एक मुकदमा दायर करने पर जोर दिया जबकि आशा ने एक तटस्थ तीसरी पार्टी की नियुक्ति द्वारा जो दोनों पक्षों के लिये एक स्वीकार्य स्वैच्छिक करार प्राप्त करने में सहायता कर सके, इसके समाधान का सुझाव दिया । सुनील राजी हो गया और दो हफ्तों के अंदर उनका मामला हल हो गया । 2

(i) सुनील और आशा द्वारा अपनाये गये विवाद समाधान की पद्धति की पहचान कीजिये ।

(ii) पक्षकारों द्वारा अपनाई गई विकल्पी विवाद-सामाधान प्रणाली के किन्हीं दो फायदों को बताइये ।

23. एक राष्ट्र अपनी सीमाओं के अंदर एक विशिष्ट मानव जातीय समूह के विरुद्ध नरसंहार के कार्यों सहित मानवाधिकारों के उल्लंघन का कार्य कर रहा है । सभी के प्रति दायित्वों के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के क्या विधिक उत्तरदायित्व हैं, भले ही पड़ोसी राज्यों को कोई सीधे खतरे न हों । 2

24. (a) दो उदाहरणों का उल्लेख करते हुए वर्णन कीजिए वकीलों द्वारा विज्ञापन का नियम एक देश से दूसरे देश में कैसे अलग है । 2

**अथवा**

(b) एक न्यायालयी कार्यवाही के दौरान एक अधिवक्ता को पता लगता है कि उसका मुवक्किल झूठा साक्ष्य देने की सोच रहा है । इस स्थिति में न्यायालय के प्रति अपने व्यावसायिक कर्त्तव्य के पालन और नैतिक स्तर को बनाये रखने के लिये अधिवक्ता को क्या करना चाहिए ? 2

25. (a) विधिक सेवायें प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2002 का प्रयोजन बताइये । 2

**अथवा**

(b) किन्हीं चार विधिक सेवाओं का उल्लेख कीजिए जो किसी लाभार्थी को मुफ्त कानूनी सहायता के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदान की जाती हैं । 2

26. एक कारोबार का मालिक जय, एक सरकारी अधिकारी साना के साथ एक करार करता है । जय अपनी कंपनी के लिये एक लाभकारी सरकारी संविदा प्राप्त करने में साना के प्रभाव के बदले में उसे ₹ 10 लाख भुगतान करने का वचन देता है । दोनों पक्ष करार पर हस्ताक्षर करते हैं और इसके निष्पादन में लग जाते हैं । यह किस प्रकार का करार है इसे बताइये और इसमें शामिल दोनों पक्षों के लिये इसके विधिक परिणामों पर चर्चा कीजिए । 2

27. किसी शहर में नागरिकों का एक समूह हमेशा सरकारी नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन (लोक प्रतिवाद) में लगा रहता है । एक प्रदर्शन के दौरान कुछ लोग जन संपत्ति को नुकसान पहुँचाते हैं, यातायात में बाधा डालते हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं । प्रदर्शनकारियों का दावा है कि वे बोलने और विचार व्यक्त करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं । क्या प्रदर्शनकारियों का दावा न्यायोचित है ? इस परिस्थिति में भारत के संविधान के अनुच्छेद 51-क के अंतर्गत मौलिक कर्तव्य किस प्रकार लागू होते हैं ? 2

28. (a) भारतीय संविधान में राज्य नीति निर्देशक सिद्धांतों की किन्हीं दो मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 2

**अथवा**

(b) मौलिक अधिकारों और मानव अधिकारों के बीच कोई दो अन्तर स्पष्ट कीजिए । 2

~

## SECTION – B

21. Explain the principle of judicial review. **2**

22. Sunil and Asha are co-founders of a tech-startup. Recently they had a contractual disagreement with their software vendor regarding the delivery timeline of a critical project. Sunil insisted on filing a lawsuit, whereas Asha suggested resolution by appointing a neutral third party who could facilitate the parties in achieving an acceptable, voluntary agreement. Sunil agreed and their matter was resolved within two weeks. **2**
    (i) Identify the method of dispute resolution adopted by Sunil and Asha.
    (ii) Give any two advantages of adopting alternate dispute resolution mechanism by the parties.

23. A nation engages in human rights violations within its own borders, including acts of genocide against a specific ethnic group. Under ergaomnes obligations, what are the legal responsibilities of the international community, even if there is no direct threat to neighbouring states ? **2**

24. (a) Describe, citing any two examples, how the rules of advertising by lawyers differs from country to country. **2**

**OR**

(b) During a court proceeding, an advocate finds out that their client intends to provide false evidence. What should the advocate do in this situation to adhere to their professional duty toward the court and uphold ethical standards ? **2**

25. (a) State the purpose of the Legal Services Authorities (Amendment) Act 2002. **2**

**OR**

(b) Enlist any four legal services given to any beneficiary under the provision of free legal aid. **2**

26. Jai, a business owner, enters into an agreement with Sana, a government official. Jai promises to pay Sana ₹ 10 lakhs in exchange for her influence in securing a lucrative government contract for his company. Both parties sign the agreement and begin to execute it. Identify the nature of this agreement and discuss the legal consequences for both parties involved. **2**

27. A group of citizens in a city regularly engages in public protests against government policies. During one protest, some individuals damage public property, disrupt traffic, and use offensive language. The protestors claim that they are exercising their right to freedom of speech and expression.
Is the claim by the protestors justified ? How do the Fundamental Duties under Article 51A of the Constitution of India apply in this situation ? **2**

28. (a) State any two key features of the Directive Principles of State Policy in the Indian Constitution. **2**

**OR**

(b) Give any two differences between fundamental rights and human rights. **2**

~

**खण्ड – ग**

29. (a) "कानून की उचित प्रक्रिया के सम्मान के लिये न्यायपालिका की स्वतंत्रता अति आवश्यक है" इसे स्पष्ट कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) "भारतीय संविधान का अनुच्छेद 50 कार्यपालिका से न्यायपालिका को अलग रखने के उपायों का राज्य को निर्देश देता है ।"

अनुच्छेद 50 के परिप्रेक्ष्य में न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्तियों के पृथक्कीकरण के महत्त्व पर चर्चा कीजिए । अनुच्छेद 50 में प्रगणित (शामिल) किन्हीं दो उपबंधों को लिखिये जो भारत में न्यायपालिका की स्वतंत्रता में योगदान करते हैं । **3**

30. (a) मध्यस्थम् पंचाट (arbitral award) किस प्रकार एक न्यायालय निर्णीत फैसले या आदेश के समान और भिन्न दोनों हैं ? **3**

**अथवा**

(b) तदर्थ माध्यस्थता की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **3**

31. भारत में विधि स्नातक रिया न्यायालय कक्ष से बाहर प्रैक्टिस करने के व्यवसाय विकल्पों का पता कर रही है । रिया को उपलब्ध ऐसे किन्हीं तीन अवसरों को विस्तार से समझाइए जहाँ वह अपने विधिक कौशल का उपयोग कर सकती है । **3**

32. एक वृद्ध भू-स्वामिनी श्रीमती कपूर ने बिना किसी कानूनी दस्तावेज के अपनी ₹ 20 लाख की कृषि भूमि अपने पुत्र राज को हस्तान्तरित करने की मौखिक इच्छा व्यक्त की ।

उसका दूसरा पुत्र अमन जो इस भूमि का प्रबंधन करता आ रहा है इसे अपने नाम में हस्तान्तरित करना चाहता है क्योंकि वह इस भूमि का प्रभारी (incharge) रहा है । इसके अलावा एक पड़ोसी श्री शर्मा अमन को सीधे ही यह भूमि खरीदने के लिये धन की पेशकश करता है ।

इन परिस्थितियों में संपत्ति हस्तान्तरण अधिनियम, 1882 के उपबंधों के अधीन किसे संपत्ति हस्तान्तरण का अधिकार है ?

ऊपर दिये गये परिदृश्य के आधार पर वैध हस्तान्तरण के लिये कोई दो अनिवार्य शर्तें बताइये । **3**

33. (a) उस सांविधिक निकाय का नाम बताइये जिसका गठन जल (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत किया गया था । इस निकाय द्वारा किये जाने वाले दो मुख्य कार्यों को बताइये । **3**

**अथवा**

(b) स्टॉकहोम घोषणा-पत्र, 1972 के महत्त्व पर चर्चा कीजिये । स्टॉकहोम घोषणा-पत्र, 1972 और पृथ्वी शिखर-सम्मेलन, 1992 के बीच संबंध को बताइये । **3**

~

## SECTION – C

29. (a) "Independence of judiciary is vital for the respect of due process of law." Elaborate. **3**

**OR**

(b) "Article 50 of the Constitution of India directs the State to take steps to separate the judiciary from the executive."

In light of Article 50, discuss the importance of the separation of powers between the judiciary and the executive. State any two provisions enumerated in Article 50 that contribute to the independence of the judiciary in India. **3**

30. (a) How is an arbitral award both similar and different from a court pronounced judgement or order ? **3**

**OR**

(b) State the features of *ad-hoc* arbitration. **3**

31. Riya, a law graduate in India, is exploring career options in Law beyond court room practice. Explain any three such opportunities available to Riya. How can she apply her legal skills in these fields ? **3**

32. Mrs. Kapoor, an elderly landowner, verbally expressed her wish to transfer her agricultural land worth ₹ 20 Lakhs to her son Raj without any legal documentation.

Her other son Aman, who has been managing the land wants it to be transferred in his name as had been incharge of the land.

Additionally, a neighbour, Mr. Sharma, offers Aman money to buy the land directly.

In the given situations, who has the right to Transfer the Property under the provisions of Transfer of Property Act (TPA) 1882 ? State any two essentials for a valid transfer based on the scenario given above. **3**

33. (a) Name the statutory body that was constituted under the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974. State the two principal functions to be performed by this body. **3**

**OR**

(b) State the significance of the Stockholm Declaration, 1972. Establish the relationship between Stockholm Declaration, 1972 and Earth Summit, 1992. **3**

~

34. वैश्विक मानवाधिकार घोषणा–पत्र (UDHR) में किन महत्वपूर्ण सिद्धांतों की रूपरेखा दी गई है और वह किस प्रकार मानव के सम्मान, स्वतंत्रता और समानता के आधारभूत मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं ? **3**

35. एक किशोर अभिरक्षा गृह में अनेक किशोर यह रिपोर्ट देते हैं कि उनके साथ अत्यधिक शारीरिक दण्ड और लंबे समय तक अकेला रखने सहित कठोर अनुशासनिक उपाय किये जाते हैं । कुछ ने यह भी बताया कि अपर्याप्त भोजन और अस्वास्थ्यकर रहन–सहन की स्थितियों के बारे में उनकी शिकायतों पर स्कूल प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । उस राष्ट्रीय निकाय को बताइये जिसके पास इसकी शिकायत की जा सके । यह निकाय किस प्रकार किशोरों के अधिकारों के उल्लंघन को दूर कर सकता है ? **1 + 2**

36. स्नेहा ने "ग्लो इसेंस (Glow Essence)" नामक एक सौन्दर्य देखभाल ब्रांड शुरु की और आर्गेनिक त्वचा देखभाल उत्पादों की पेशकश की । एक वर्ष के अंदर उसके ब्रांड ने अपनी गुणवत्ता और प्राकृतिक अवयवों (ingredients) के लिये लोकप्रियता प्राप्त की । परंतु स्नेहा को यह पता लगा कि ऐसे ही नाम से एक दूसरी कंपनी घटिया गुणवत्ता के त्वचा देखभाल उत्पाद बेच रही है जिससे ग्राहकों में भ्रम पैदा हो रहा है । इसने उसके ब्रांड की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाया । एक कानूनी विशेषज्ञ से परामर्श करने पर स्नेहा को पता लगा कि "Glow Essence" एक ट्रेड (व्यापारिक) नाम है और ट्रेड मार्क (व्यापार चिन्ह) नहीं है । उसने पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की । **3**

(i) ट्रेड नाम और ट्रेड मार्क के बीच अंतर बताइये ।

(ii) इस बात को स्पष्ट कीजिये कि ग्लो इसेंस "Glow Essence" के पंजीकरण से स्नेहा को कैसे लाभ होता है ।

## खण्ड – घ

37. (a) बौद्धिक संपदा कानून में व्यापार गोपनीयता (Trade Secrets) की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए । भारतीय कानून के अंतर्गत व्यापार गोपनीयता को प्रदान किये गये विधिक संरक्षण पर चर्चा कीजिए । अवधि (duration) और विस्तार (scope) के संदर्भ में यह संरक्षण उपाय पेटेंट्स और कॉपीराइट्स से कैसे भिन्न हैं ? **5**

**अथवा**

(b) सभी करार स्वत: ही संविदायें नहीं हैं । इसे पूरा करने के लिये उन्हें कुछ मानदण्डों को पूरा करना चाहिए । विस्तार कीजिए । **5**

38. (a) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) विनियम, 2010 के अंतर्गत पैनल–वकीलों के चयन के बारे में नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) पैनल में शामिल करने के विचारार्थ किसी अधिवक्ता को कौन सी प्राथमिक आवश्यकतायें पूरी करनी चाहिए ?

(ii) उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के लिये अधिवक्ताओं को पैनल में रखने वाले चयन बोर्ड का गठन (composition) बताइये ।

(iii) किन परिस्थितियों में पैनल के किसी वकील को किसी मामले से हटाया जा सकता है ?

(iv) विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कब किसी वरिष्ठ अधिवक्ता की सेवायें ली जा सकती हैं ?

**(2+1+1+1)**

**अथवा**

(b) 'कानूनी सहायता' शब्द को स्पष्ट कीजिये । प्रत्येक कानूनी प्रणाली के लिये कानूनी सहायता प्रदान करना क्यों महत्वपूर्ण है ? भारतीय संविधान में उन उपबंधों पर चर्चा कीजिये जिन्होंने भारत में कानूनी सहायता के विभिन्न उपबंधों के लिये मार्ग प्रशस्त किया है । **(1+1+3)**

~

34. What are the key principles outlined in the Universal Declaration of Human Rights (UDHR) and how do they reflect the foundational values of human dignity, freedom and equality ? **3**

35. In a juveniles custodial home, several juveniles report being subject to harsh disciplinary measures, including excessive physical punishment and prolonged isolation. Some also mentioned that their complaints about inadequate food and unsanitary living conditions are being ignored by the school administration. Identify the national body which can be approached. How can this body address the violation of the rights of juveniles ? **1+2**

36. Sneha started a beauty care brand called "Glow Essence", offering organic skin care products. Within a year her brand gained popularity for its quality and natural ingredients. However, Sneha discovered that another company was selling low quality skin care products under the similar name leading to confusion among customers. This damaged her brand's reputation.
On consulting a legal expert Sneha learned that "Glow Essence" is a trade name and not a trade mark. She initiated the registration process. **3**
    (i) Differentiate between a trade name and a trade mark.
    (ii) Explain, how registration of "Glow Essence" benefit Sneha.

## SECTION – D

37. (a) Explain the concept of 'trade secrets' in intellectual property law. Discuss the legal protection provided to trade secrets under Indian law. How do these protections differ from patents and copyrights in terms of duration and scope ? **5**

**OR**

    (b) All agreements *per se* are not contracts. They must meet certain criteria to qualify as such. Elaborate. **5**

38. (a) With regards to the selection of panel lawyers under the NALSA Regulations, 2010, answer the questions given below;
        (i) Mention the basic requirement an advocate must fulfil to be considered for empanelment.
        (ii) State the composition of the selection board for empanelling advocates for High Court Legal Services Committee.
        (iii) Under what circumstances can a panel lawyer be removed from any case ?
        (iv) When can the services of a Senior Advocate be availed by the legal services authorities ? **(2+1+1+1)**

**OR**

    (b) Explain the term 'legal aid'. Why is it important for every legal system to provide for legal aid ? Discuss the provisions in the Indian Constitution that have paved way for the various provisions of legal aid in India. **(1+1+3)**

39. नोवरा और एल्डीरिया देशों के बीच नेलरा नदी पर एक बाँध निर्माण के ऊपर विवाद चल रहा है और एल्डीरिया ने यह मामला अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) में प्रस्तुत किया है । नोवरा का तर्क है कि ऐसे ही मामलों में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के पिछले निर्णयों को देखते हुए निर्णय लिया जाना चाहिए, जबकि एल्डीरिया कानून की नई व्याख्या पर जोर दे रहा है । अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय–संविधि का अनुच्छेद 59, 38 और अनुच्छेद 38(1) इस मामले में न्यायालय के निर्णयन को किस प्रकार प्रभावित करेंगे ? इसका विश्लेषण कीजिए । **5**

40. एक कुशल ग्राफिक डिजाइनर श्री विक्रम अपने एकमात्र स्वामित्व में एक डिजाइन स्टूडियों चलाता आ रहा है । समय के साथ उसके कारोबार में वृद्धि होती है और उसने और अधिक जोखिमों के साथ बड़ी परियोजनाओं का संचालन शुरू कर दिया । जहाँ वह अपने एकमात्र स्वामित्व वाले कारोबार के प्रबंधन की सरलता का आनंद ले रहा है वहाँ वह अपने व्यक्तिगत दायित्वों के बारे में चिंतित भी है कि कहीं कुछ गलत न हो जाय । अपने दोस्त की सलाह पर विक्रम अपने दायित्व को सीमित करने और अपने कारोबार की विश्वसनीयता को सुधारने के लिये अपने कारोबार को एकल व्यक्ति कंपनी (OPC) में परिवर्तित करने पर विचार कर रहा है ।

उपर्युक्त मामले के आधार पर एकल स्वामित्व (Sole Proprietorship) और एकल व्यक्ति कंपनी (One Person Company) के बीच तुलना कीजिए । किस प्रकार का कारोबारी रूप (business entity) विक्रम के लिये बेहतर होगा और क्यों ? **5**

---

39. The countries of Novara and Elderia are in a dispute over the construction of a dam on the river Nelara – with Elderia bringing the case to the International Court of Justice (ICJ). Novara argues that past ICJ rulings in similar cases should guide the decision, while Elderia insists on a fresh interpretation of the law. Analyze how Articles 59, 38 and 38(1) of the Statute of ICJ would influence the court's decision-making in this case. **5**

40. Vikram, a skilled graphic designer, has been running his design studio as a sole proprietorship. Over time, his business has grown, and he started handling larger projects with higher risks. While he enjoys the simplicity of managing his sole proprietorship, he is worried about his personal liability if something goes wrong. On the advice of his friend, Vikram is considering converting his business into a One Person Company (OPC) to limit his liability and improve his business's credibility.
Based on the above case, compare Sole proprietorship and One Person Company (OPC). Which form of business entity would be better for Vikram and why ? **5**

---

~